>

Title: Need to construct NH-29 between Lumbini and Sarnath.

श्री दारा सिंह चौहान (घोसी): सभापति महोदय, मैं विश्व प्रसिद्ध जो पर्यटन स्थल बौद्ध का है, पूरे दुनिया के लोग बनारस, लुम्बिनी और सारनाथ में जाते हैं और सारनाथ और लुम्बिनी को जोड़ने के लिए एनएच-29 जो काफी सालों से खराब है और कई बार इसको ठीक कराने की मांग की जाती रही है कि इसको बनवाया जाए। ...(व्यवधान) फोरलेन का प्रस्ताव भी हो गया है लेकिन मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि आज बनारस से लेकर गोरखपुर वॉया मऊ होते हुए जो एनएच-29 की दुर्दशा है, मैं उसको आपके सामने बता नहीं सकता कि उसकी कितनी खराब हालत है। ...(व्यवधान) बहुत मुश्किल के बाद हमने जब बात की तो केवल 15 करोड़ रुपया उसके मेनटेन्स के लिए हुआ। यहां पर मंत्री जी मौजूद हैं, इसलिए मैं आपके माध्यम से विनती करना चाहता हूं कि सारनाथ और लुम्बिनी को जोड़ने वाले उस एनएच-29 को बनारस से गोरखपुर मऊ होते हुए जल्दी से जल्दी उसको बनवाया जाए।